"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 12] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 25 मार्च 2022—चैत्र 04, शक 1944

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 4 जनवरी 2022

क्रमांक ई 1-10/2021/एक-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को प्रमुख सचिव वेतनमान Pay Matrix Level-15 में दिनांक 01-01-2022 से पदोन्नत करते हुए उनके नाम के समक्ष उल्लेखित पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ करता है :—

क्र. (1)	अधिकारी का नाम (2)	वर्तमान पदस्थापना (3)	नवीन पदस्थापना (4)
1.	डॉ. एम. गीता, भा.प्र.से. (1997)	आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली.	आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2022.

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	श्रीमती निहारिका, बारिक भा.प्र.से. (1997)	सचिव, मंत्रालय	प्रमुख सचिव, मंत्रालय

2. श्री सुबोध कुमार सिंह, भा.प्र.से. (1997) जो वर्तमान में भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, को उनसे कनिष्ठ अधिकारी डॉ. एम. गीता, भा.प्र.से. (1997) के प्रमुख सचिव वेतनमान में पदोन्नति के दिनांक से प्रमुख सचिव वेतनमान Pay Matrix Level-15 में प्रोफार्मा पदोन्नति प्रदान करता है.

3. डॉ. एम. गीता द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् आवासीय आयुक्त, छ.ग. भवन, नई दिल्ली के संवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रमुख सचिव वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

4. भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के पत्र क्र. 11030/4/2017-AIS-II, दिनांक 02-12-2021 द्वारा प्रमुख सचिव वेतनमान में पदोन्नति हेतु 02 रिक्तियों का निर्धारण किया गया है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमलप्रीत सिंह, सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 20-01/2019/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार को यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत कंडिका 15.13, 15.21 एवं परिशिष्ट-6.19 के अनुसरण में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से राज्य में वृहद, मेगा, अल्ट्रा मेगा उद्योगों की स्थापना हेतु राज्य में "इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं लीथियम आयन बैटरीज क्षेत्र" में निवेश हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज का निर्धारण निम्नानुसार करता है :—

मेगा निवेशकों के लिए Be Spoke Policy के अन्तर्गत "इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं लीथियम आयन बैटरीज क्षेत्र" के लिए आर्थिक निवेश प्रोत्साहन योजना हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज की सामान्य नियम व शर्तें :—

(1) इस पैकेज का लाभ मेसर्स गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर प्राइवेट लिमिटेड को प्राप्त होगा चूंकि इनके एमओयू का निष्पादन दिनांक 29-12-2020 को किया जा चुका है. इकाई का प्रस्तावित पूंजी निवेश रु. 41.00 करोड़ तथा प्रस्तावित रोजगार 418 है. इकाई नवा रायपुर के इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में स्थापित होगा. इकाई की उत्पादन क्षमता 18000 नग इलेक्ट्रीक व्हीकल यथा-ई-रिक्शा, ई-आटो, ई-स्कूटर तथा 2,00,000 नग लिथियम आयरन बैटरी होगी.

(2) इस पैकेज में प्रस्तावित इकाई के लिए घोषित आर्थिक निवेश प्रोत्साहन की पात्रता के लिए आवश्यक होगा कि उद्योग द्वारा औद्योगिक नीति 2019-24 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप "मेगा प्रोजेक्ट" के लिए निर्धारित अर्हता पूर्ण करती हो, अर्थात नीति के परिशिष्ट-एक के बिन्दु क्रमांक-11 के अनुसार रुपये 10 करोड़ से अधिक का नवीन स्थायी पूंजी निवेश कर व्यावसायिक उत्पादन दिनांक 31 अक्टूबर, 2024 को अथवा उसके पूर्व उत्पादन प्रारंभ करें.

(3) जिन मदों में आर्थिक निवेश प्रोत्साहन दिया जाना है उनमें इकाई के द्वारा वार्षिक आधार पर मदवार भुगतान की गई/व्यय की गई राशि से अधिक आर्थिक निवेश प्रोत्साहन (अनुदान, छूट, रियायतें) दिया जाना मान्य नहीं होगा.

(4) **अधिकतम आर्थिक निवेश प्रोत्साहन की सीमा :—**

(4.1) इस पैकेज हेतु नीति में प्रावधानित परिभाषाओं के अनुसार "ब" श्रेणी विकासखंड में प्रस्तावित परियोजना के आधार पर समग्र रूप से मान्य स्थाई पूंजी निवेश पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन 10 वर्षों के लिए दिया जावेगा.

(4.2) इस पैकेज के अंतर्गत इकाई को निम्नलिखित अनुसार योजनाओं में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाये :—

(अ) नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर प्रतिपूर्ति प्रदान करने के संबंध में अधिकतम 10 वर्ष तक के लिये अथवा स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत के बराबर सुविधा प्रदान किया जावे.

(ब) विद्युत शुल्क छूट 8 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष तक प्रदान की जावे.

(4.3) प्रस्तावित उद्योग को दिये जाने वाले अनुदान की गणना हेतु प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :—

1. नेट एसजीएसटी
2. विद्युत शुल्क से छूट

(5) इस पैकेज के यथा आवश्यक विस्तृत क्रियान्वयन दिशा-निर्देश छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पृथक से जारी किये जायेंगे.

यह अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 20-01/2019/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार को यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत कंडिका 15.13, 15.21 एवं परिशिष्ट-6.19 के अनुसरण में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से राज्य में वृहद, मेगा, अल्ट्रा मेगा उद्योगों की स्थापना हेतु राज्य में "जूट बैग निर्माण प्रोजेक्ट" में निवेश हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज का निर्धारण निम्नानुसार करता है :—

मेगा निवेशकों के लिए Be Spoke Policy के अन्तर्गत "जूट बैग निर्माण प्रोजेक्ट" के लिए आर्थिक निवेश प्रोत्साहन योजना हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज की सामान्य नियम व शर्तें :—

(1) इस पैकेज का लाभ दो इकाईयों यथा-मेसर्स ब्लूव्यू कॉमर्शियल प्राईवेट लिमिटेड एवं मेसर्स जयश्री कृष्णा एग्रीफ्रेश प्राईवेट लिमिटेड को मिल सकेगा जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के साथ एमओयू का निष्पादन कर चुकी (परिशिष्ट-"अ" में सूचीबद्ध) हैं.

(2) जिन मदों में आर्थिक निवेश प्रोत्साहन दिया जाना है उनमें इकाई के द्वारा वार्षिक आधार पर मदवार भुगतान की गई/व्यय की गई राशि से अधिक निवेश प्रोत्साहन (प्रतिपूर्ति, अनुदान, छूट, रियायतें) दिया जाना मान्य नहीं होगा.

(3) इस नीति के प्रस्तावित इकाईयों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे अपना व्यावसायिक उत्पादन 31 अक्टूबर, 2024 को अथवा उसके पूर्व प्रारंभ करें.

(4) इस पैकेज में घोषित आर्थिक निवेश प्रोत्साहन पात्रता के लिए आवश्यक होगा कि उद्योग द्वारा औद्योगिक नीति 2019-24 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप "मेगा प्रोजेक्ट" के लिए निर्धारित अर्हता पूर्ण करती हो, अर्थात् नीति के परिशिष्ट-एक के बिन्दु क्रमांक-11 के अनुसार रुपये 100 करोड़ से अधिक का नवीन स्थायी पूंजी निवेश कर व्यावसायिक उत्पादन दिनांक 31 अक्टूबर, 2024 को अथवा उसके पूर्व उत्पादन प्रारंभ करें.

(5) प्रस्तावित इकाईयों को इस नीति के तहत समग्र रूप से पात्रतानुसार कुल राशि की छूट निम्नलिखित मदों के आधार पर गणना की जायेगी एवं प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगा :—

(क) नेट एसजीएसटी में 100 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति तक प्रदान की जावे (टीप-यदि इकाई की एसजीएसटी आय में वृद्धि होती है तो इस मद में प्रतिपूर्ति की राशि बढ़ने पर आधिक्य की राशि का समायोजन इकाई को देय ब्याज अनुदान एवं स्थायी पूंजी निवेश अनुदान के मदों में किया जायेगा.)

(ख) विद्युत शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट 8 वर्षों के स्थान पर 10 वर्षों के लिए की पात्रता होगी.

(ग) विद्युत दर में 3.00 रु. प्रति यूनिट छूट 10 वर्षों तक छूट प्रदान करने के संबंध में को देने हेतु विद्युत नियामक आयोग के समक्ष ऊर्जा विभाग के माध्यम से विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त की जाकर नियामक आयोग द्वारा सहमति की स्थिति में यह सुविधा की पात्रता होगी.

(घ) इकाई को ब्याज अनुदान एवं स्थाई लागत पूंजी अनुदान समग्र रूप से रुपये 3.22 करोड़ अधिकतम सीमा तक पात्रता/ नियमानुसार अनुदान की पात्रता होगी.

(6) इस पैकेज में सम्मिलित इकाईयों को औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के रूप में अधिकतम पैकेज रुपये 120 करोड़ 10 वर्षों में (अधिकतम रुपये 12 करोड़ प्रतिवर्ष) की पात्रता होगी.

(7) इस पैकेज में सम्मिलित इकाईयों से मार्कफेड द्वारा, इकाईयों द्वारा निर्मित बारदाने जूट कमिश्नर द्वारा निर्धारित दर पर 10 वर्षों तक के लिए क्रय किये जाने की शर्त की पात्रता होगी.

(8) इस पैकेज में सम्मिलित परिशिष्ट-ए में वर्णित दावों इकाईयों को औद्योगिक नीति में निर्धारित अन्य सभी आर्थिक निवेश प्रोत्साहन यथा-परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेंटेन्ट अनुदान, दिव्यांग (नि:शक्त) रोजगार अनुदान आदि की अतिरिक्त सुविधा मान्य अधिकतम पैकेज की अधिकतम सीमा के अंतर्गत रहते हुये पात्रता/नियमानुसार पात्रता होगी.

(9) इस पैकेज के यथा आवश्यक विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पृथक से जारी किये जायेंगे.

यह अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुये समझे जायेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख सचिव.

परिशिष्ट-"अ"

बी-स्पोक पालिसी के अंतर्गत एमओयू निष्पादित इकाइयों की सूची

क्रमांक	इकाई का नाम	प्रस्तावित पूंजी निवेश (रुपये करोड़)	प्रस्तावित रोजगार	प्रस्तावित स्थल	प्रस्तावित उत्पाद एवं क्षमता	एमओयू का दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	मेसर्स ब्लूव्यू कॉमर्शियल प्राईवेट, लिमिटेड.	110.00	3000 -5000	जिला- महासमुन्द	Jute Mill B. Twill Sacking Bags Spining/Weaving/ Cutting/Stiching - 33,000 गठान बारदाने	25-01-2022
2.	मेसर्स जयश्री कृष्णा एग्रीफ्रेश प्राईवेट, लिमिटेड	118.47	2425	जिला-रायपुर	Jute Mill B. Twill Sacking Bags Spining/Weaving/ Cutting/Stiching - 57,000 Bales Per Year.	25-01-2022
	योग	**228.47**	**7425**			

श्रम विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 9 फरवरी 2022

क्रमांक 243/2324/2021/16.—प्रदेश में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना संचालन हेतु दिशा-निर्देश 2016 के प्रावधान अनुसार "स्टेट लेवल मॉनिटरिंग कमेटी (SLMC)" समिति का निम्नानुसार गठन किया जाता है :—

01.	मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़	—	अध्यक्ष
02.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन गृह विभाग	—	सदस्य
03.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास,	—	सदस्य
04.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग,	—	सदस्य
05.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग.	—	सदस्य
06.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग.	—	सदस्य
07.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग.	—	सदस्य
08.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन समाज कल्याण विभाग,	—	सदस्य
09.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन जनशक्ति नियोजन विभाग,	—	सदस्य
10.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग.	—	सदस्य
11.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन श्रम विभाग,	—	सदस्य
12.	श्रमायुक्त, छ.ग. शासन, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर	—	सदस्य सचिव
13.	सिविल सोसायटीज/अशासकीय संगठन के प्रतिनिधि— 01. श्री छत्रसाल साहू, टुण्डरी विकासखण्ड बिलाईगढ़ 02. श्रीमती शारदादेवी वर्मा, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर	—	सदस्य

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशुतोष पाण्डेय, उप-सचिव.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11 फरवरी 2022

क्रमांक एफ 10-08/2018/16 (पार्ट).—छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना, सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना एवं महिला ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं महिला हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत महिला हितग्राहियों को रु. 10,000/- मण्डल द्वारा प्रदाय किया जाता था. दिनांक 01 जनवरी, 2022 को माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा भगिनी प्रसूति सहायता योजना में सहायता राशि 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की घोषणा के परिपालन में मंडल द्वारा संचालित उक्त तीनों योजनाओं में आंशिक संशोधन करते हुये महिला हितग्राहियों को शिशु के जन्म के 90 दिवस के भीतर ऑनलाईन आवेदन करने पर एकमुश्त सहायता राशि रु. 20,000/- मंडल द्वारा देय होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राकेश साहू, अवर सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप-एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1470/भू-अर्जन/2021.—भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	भेजीनारा	2.215 हे.	खोलारनाला स्टाप डेम क्र.-2

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 16-02-2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन अरदा पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	खोलारनाला स्टापडेम क्र.-2
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	08 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	08 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 499.98 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	निस्तारी एवं कृषकों के स्वयं के साधन से 25 हे. में सिंचाई सुविधा हो सकेगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं. तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

कोरबा, दिनांक 4 फरवरी 2022

प्रारूप-एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1489/भू-अर्जन/2021.—भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
कोरबा	कटघोरा	सुक्लाखार	4.955 हे.	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु.

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 14-02-2022 को समय 12.00 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन सुक्लाखार पर नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

1.	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु.
2.	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	54 परिवार
3.	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	54 परिवार
4.	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
5.	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
6.	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
7.	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
8.	परियोजना की कुल लागत	—	रु. 5607.66 लाख
9.	परियोजना से होने वाले लाभ	—	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण का विस्तार होने से सिंचाई का रकबा प्रभावित होने से फसल की पैदावार में वृद्धि होगी.
10.	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे हैं. तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है.
11.	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रानू साहू, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

दंतेवाड़ा, दिनांक 3 दिसम्बर 2021

प्ररूप-एक

(नियम 11 देखिये)

क्रमांक/1990/भू-अर्जन/2021.—भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात् :—

जिला (1)	तहसील (2)	ग्राम/नगर (3)	क्षेत्रफल (4)	लोक प्रयोजन का विवरण (5)
दंतेवाड़ा	गीदम	गुमड़ा	0.937 हे.	आवराभाटा टेकनार चौक से होते हुए टेकनार गुमड़ा हाउरनार मार्ग का निर्माण.

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 18-12-2021 को समय 11.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत गुमड़ा में नियत की गई है. प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :—

एक	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	—	आवराभाटा टेकनार चौक से होते हुए टेकनार गुमड़ा हाउरनार मार्ग का निर्माण.
दो	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	27
तीन	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	—	निरंक
चार	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
पांच	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या.	—	निरंक
छः	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ?	—	हां
सात	क्या सम्भव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है.	—	हां
आठ	परियोजना की कुल लागत	—	1720 लाख
नौ	परियोजना से होने वाले लाभ	—	सार्वजनिक आवागमन
दस	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय.	—	586840.00 पांच लाख छियासी हजार आठ सौ चालीस रुपये मात्र भू-अर्जन शाखा में जमा किया गया है.
ग्यारह	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	—	निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दीपक सोनी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कोरबा, दिनांक 16 फरवरी 2022

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/1929/37/अ-82/भू-अर्जन/2022.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरबा	कटघोरा	सिंघाली	2.195	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा.	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के दांयी तट मुख्य नहर निर्माण.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कटघोरा के कार्यालय में किया जा सकता है.

कोरबा, दिनांक 16 फरवरी 2022

(भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 14 के अंतर्गत)

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/1939/42/अ-82/भू-अर्जन/2022.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-7 के अधीन विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रस्तुत की गई सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट तारीख 06-07-2020 को किया गया था. जिसके पूर्व प्रथम सामाजिक समाघात दिनांक 15-07-2019 को कार्यवाही हुआ था. जिसमें ग्राम वासियों के द्वारा सर्वसम्मति से सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य के लिये भू-अर्जन के लिये प्रस्ताव पारित हो चुका है. क्योंकि पूरे प्रदेश में कोरोना वायरस (Covid-19) महामारी फैलने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया था जिसके रोकथाम हेतु पूरे प्रदेश में लाक डाउन किये जाने के फलस्वरूप भू-अर्जन प्रकरण प्राप्त आपत्तियों की निराकरण किये जाने में विलम्ब होने के कारण दिनांक 06-07-2021 तक प्रारंभिक अधिसूचना (धारा-11) नहीं किया जा सका अत्ऐव उक्त अधिनियम की धारा 14 में वर्णित प्रावधान एवं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम में उल्लेखित प्रावधान अनुसार बारह मास वृद्धि की जाती है एवं जनसाधारण हेतु सूचना प्रकाशित/प्रदर्शित की जाती है.

ग्राम-मोंगरा, प.ह.नं.-43, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा छ.ग.

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरबा	कटघोरा	मोंगरा प.ह.नं. 43	4.583	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा.	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण.

कोरबा, दिनांक 16 फरवरी 2022

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/1940/42/अ-82/भू-अर्जन/2022.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरबा	कटघोरा	मोंगरा प.ह.नं. 43	4.583	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा.	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कटघोरा के कार्यालय में किया जा सकता है.

कोरबा, दिनांक 16 फरवरी 2022

(भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 14 के अंतर्गत)

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/1945/37/अ-82/भू-अर्जन/2022.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-7 के अधीन विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रस्तुत की गई सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट तारीख 03-11-2020 को किया गया था. जिसके पूर्व ग्राम सभा दिनांक 04-10-2019 एवं प्रथम सामाजिक समाघात दिनांक 12-02-2020 को कार्यवाही हुआ था. जिसमें ग्राम वासियों के द्वारा सर्वसम्मति से सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य के लिये भू-अर्जन के लिये प्रस्ताव पारित हो चुका है. क्योंकि पूरे प्रदेश में कोरोना वायरस (Covid-19) महामारी फैलने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया था जिसके रोकथाम हेतु पूरे प्रदेश में लाक डाउन किये जाने के फलस्वरूप भू-अर्जन प्रकरण प्राप्त आपत्तियों की निराकरण किये जाने में विलम्ब होने के कारण दिनांक 03-11-2021 तक प्रारंभिक अधिसूचना (धारा-11) नहीं किया जा सका अत्ऐव उक्त अधिनियम की धारा 14 में वर्णित प्रावधान एवं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम में उल्लेखित प्रावधान अनुसार बारह मास वृद्धि की जाती है एवं जनसाधारण हेतु सूचना प्रकाशित/प्रदर्शित की जाती है.

ग्राम-सिंघाली, प.ह.नं.-8, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा छ.ग.

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरबा	कटघोरा	सिंघाली प.ह.नं. 08	2.195	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा.	कटघोरा व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रानू साहू, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 8 मार्च 2022

प्रकरण क्रमांक 07/अ-82/2020-21/1134.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	पेण्ड्रारोड	गांगपुर प.ह.नं. 08	1.857	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड.	गांगपुर एनीकट योजना निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 10 मार्च 2022

प्रकरण क्रमांक 08/अ-82/2020-21/1188.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	पेण्ड्रारोड	दर्री प.ह.नं. 05	3.565	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड.	दर्री व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत नहर निर्माण कार्य हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बस्तर (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बस्तर, दिनांक 15 फरवरी 2022

क्रमांक क/भू-अर्जन/अ-82/2021-22.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बस्तर	बास्तानार	बडे किलेपाल प.ह.नं. 07	0.52	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, जगदलपुर.	गंजोपारा से गुडियापारा मार्ग के कि.मी. 2/4 डुमा नाला पर उच्च-स्तरीय सेतु एवं पहुंच मार्ग निर्माण.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू-अर्जन अधिकारी तोकापाल/कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, जगदलपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रजत बंसल, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला महासमुन्द, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

महासमुन्द, दिनांक 8 फरवरी 2022

भू-अर्जन प्र. क्रमांक 63 क/कले./भू-अर्जन/19/अ-82/वर्ष 2022.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-महासमुन्द
- (ख) तहसील-सरायपाली
- (ग) नगर/ग्राम-आकाशखार, प.ह.नं. 47
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-3.09 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
45/3	0.08
45/1	0.14
221	0.06
274	0.01

(1)	(2)
46	0.05
222	0.06
47	0.05
149	0.02
44	0.07
48/1	0.01
58	0.01
43	0.23
94	0.01
129	0.03
153	0.04
156	0.02
157	0.04
154	0.06
150	0.01
148/1	0.20
151	0.03
226	0.07
225/1	0.20
203	0.09
219	0.15
223	0.10
197	0.04
273	0.07
196	0.03
200	0.06
199	0.05
220	0.11
218/2	0.07
54	0.05
55	0.03
56	0.06
57	0.11
123	0.07
124	0.03
128/1	0.07
130	0.03
128/2	0.04
111/2	0.05
115/3	0.04
115/5	0.01
96/1	0.02
104/3	0.04
111/3	0.04
105	0.07
104/11	0.01
95	0.03
96/2	0.02
योग 52	3.09

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–बोईरमाल व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सरायपाली के कार्यालय में किया जा सकता है.

महासमुन्द, दिनांक 8 फरवरी 2022

भू–अर्जन प्र. क्रमांक 64 क/कले./भू–अर्जन/17/अ–82/वर्ष 2022.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन–
- (क) जिला–महासमुन्द
- (ख) तहसील–सरायपाली
- (ग) नगर/ग्राम–चण्डीभौना, प.ह.नं. 09
- (घ) लगभग क्षेत्रफल–1.82 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
342	0.16
341	0.03
345/1	0.01
340	0.07
751	0.04

	(1)	(2)
	339	0.04
	332	0.03
	333	0.03
	336	0.04
	330/5	0.05
	328	0.06
	329	0.06
	323	0.05
	327	0.08
	326	0.08
	727	0.04
	752	0.03
	755	0.11
	325	0.09
	322	0.06
	311	0.01
	312	0.07
	731	0.02
	743	0.02
	314	0.02
	706	0.02
	759	0.07
	758	0.13
	757	0.02
	756	0.03
	754/2	0.02
	750	0.01
	746	0.06
	730	0.03
	732	0.01
	744/2	0.04
	335	0.05
योग	37	1.82

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–अमरकोट व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सरायपाली के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नीलेशकुमार क्षीरसागर, कलेक्टर एवं पदेन उप–सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कांकेर, दिनांक 11 फरवरी 2022

क्रमांक/639/वा./भू.अ./प्र.क्र./17/अ–82/2016–17.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन–
(क) जिला–उत्तर बस्तर कांकेर
(ख) तहसील–नरहरपुर
(ग) नगर/ग्राम–डोडरापहर
(घ) लगभग क्षेत्रफल–0.79 हेक्टेयर

	खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
	(1)	(2)
	100/1	0.01
	88/3	0.01
	58	0.08
	81	0.02
	66	0.30
	70/2	0.15
	72/2	0.11
	73/3	0.04
	72/1	0.07
योग	09	0.79

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–डुडुमबहारा–खदरवाही–डोडरापहर मार्ग के कि.मी. 2/2 झुरा नाला पर सेतु निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू–अर्जन अधिकारी, कांकेर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चंदन कुमार, कलेक्टर एवं पदेन उप–सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं पदेन संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

राजनांदगांव, दिनांक 17 फरवरी 2022

प्र. क्रमांक/1411/भू-अर्जन/14/अ-82/2022.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-राजनांदगांव
- (ख) तहसील-मानपुर
- (ग) नगर/ग्राम-सहपाल
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.465 हेक्टेयर

	खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
	(1)	(2)
	4/2	0.465
योग	01	0.465

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-बसेली-सहपाल मार्ग पर स्थित भूरके नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मानपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
तारन प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर एवं पदेन संयुक्त सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

रायगढ़ दिनांक 4 मार्च 2022

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक-02/अ-82/2020-21.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-रायगढ़
- (ख) तहसील-सारंगढ़
- (ग) नगर/ग्राम-घोठला छोटे
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-4.233 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
110/3	0.036
65/2	0.057
65/4/ख	0.109
65/6	0.153
168/2	0.182
167/3	0.032
168/3	0.046
117/2	0.042
117/4	0.049
166/4	0.158
109/7/क	0.138
46/6	0.010
154/3	0.065
117/7	0.040
109/4/क	0.053
38/6	0.061
46/2	0.011
115/1	0.008
47/3	0.040

(1)	(2)
52/3	0.039
47/2	0.081
167/1	0.093
150/11	0.008
38/4	0.040
44/5	0.059
109/3	0.040
53/6	0.065
117/6	0.024
38/5	0.073
108/4	0.040
150/10	0.024
109/5/क	0.049
109/8	0.105
150/1	0.093
55/7	0.263
46/4	0.010
155/6	0.073
150/2	0.060
44/4/ख	0.071
46/1	0.014
51/1	0.809
46/5	0.010
167/4	0.034
154/9	0.230
44/2	0.097
110/1	0.045
154/11	0.045
53/5	0.023
159	0.061
151/1	0.166
150/3	0.099
योग 51	4.233

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-साराडीह बैराज निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सारंगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भीम सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल

ऑफिस कॉम्प्लेक्स प्रथम तल ब्लॉक-A एकात्म पथ, सेक्टर-24 अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 29 जनवरी 2022

क्रमांक/46/04/योजना/बीओसी/2022/114.—भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार नवीन योजना "मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना" बनाती है :—

